दिन– गुरूवार दिनांक– 03 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

संसद का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू हो रहा है। यह सत्र इक्कीस अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस संबंध में सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर तेरह और चौदह अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी।

————————————————————

प्रदेश में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी है। अभियान छब्बीस जुलाई तक चलेगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन एक अगस्त को होगा। इस सूची पर एक अगस्त से एक सितम्बर तक दावे और आपत्ति दर्ज करवाए जा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा। इस अभियान का उद्देश्य त्रुटिहीन मतदाता सूची बनाना है। हमारे संवाददताओं ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

————————————————————

हरियाणा के मानेसर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिनों के इस सम्मेलन का विषय है–संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण को मजबूत करने में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका। इस सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से हो रहे शहरीकरण के मद्देनजर देश में इन निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए उन्हें मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ करना, सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों को साझा करना तथा समकालीन युग में शहरी शासन के लिए नवाचार दृष्टिकोण को तलाशना है। इस सम्मेलन में विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों के योगदान और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

---

केंद्र सरकार ने देश में कई पाकिस्तानी अभिनेताओं और क्रिकेट खिलाडियों के सोशल मीडिया अकाउंट पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों के अनुसार तकनीकी कारणों से ये अकाउंट्स कुछ समय के लिए उपलब्ध हो गये थे। इस वर्ष मई में भारत. विरोधी प्रचार करने और अवांछित सामग्री फैलाने के लिए कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगा दी गई थी।

---

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका जिले के कटोरिया में सबसे अधिक इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज कैमूर, रोहतास, जमुई और बांका जिले मे कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

---

सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ में तैनात भोजपुर जिले की सपना कुमारी ने अमरीका के अलबामा में आयोजित विश्व पुलिस गेम्स में तीन पदक जीते हैं। सपना ने तीरंदाजी प्रतियोगिता की अलग—अलग श्रेणियों में ये पदक प्राप्त किये। सपना ने फील्ड आर्चरी में स्वर्ण, थ्री डी आर्चरी में स्वर्ण और टारगेट आर्चरी में रजत पदक जीता है।

---

अररिया नगर थाना क्षेत्र के कोचगामा नहर के पास पिछले दिनों हुई लूट के एक मामले में पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के गोवर्द्धना थाना क्षेत्र के बखरी चौक के पास एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन पर एक ट्रेन की चपेट में आने से मां—बेटी की मौत हो गई।

---

एसटीएफ की टीम ने नवादा जिले के सिरदला से कुख्यात नक्सली इंदल गिरी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।